प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन दिनों हिमाचल प्रदेश के 5 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर हैं। राष्ट्रपति अपने प्रवास के चौथे दिन कल 30 अप्रैल को कांगड़ा ज़िला के पालमपुर स्थित चौधरी सरवण कुमार कृषि महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। ज़िला प्रशासन ने राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। सुरक्षा के मद्देनज़र पालमपुर और बैजनाथ उपमंडलों में पैरा ग्लाइडिंग, ड्रोन उड़ान, हॉट एयर बैलूनिंग सहित सभी एयरो स्पोर्ट्स व अन्य हवाई गतिविधियों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है।

....

नगर निगम चुनाव

प्रदेश के 4 नगर निगमों पालमपुर, सोलन, धर्मशाला व मण्डी सहित 47 नगर परिषदों व नगर पंचायतों में 17 मई को होने वाले चुनावों के लिए आज से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इन चुनावों के लिए नामांकन पत्र कल 30 अप्रैल और 2 मई को भी भरे जा सकेंगे। 4 मई को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी जबकि 6 मई को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। 4 नगर निगमों के चुनाव पार्टी सिंबल पर होंगे, ऐसे में कांग्रेस व भाजपा दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल रणनीति बनाने में जुट गए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने आज मण्डी नगर निगम के 15 वार्डों में प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। इसके अलावा भाजपा ने नगर निगम पालमपुर के वार्ड नंबर 11 और 15 के लिए भी प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं।

....

चुनाव

इस बीच, प्रदेश की तीन हज़ार 7 सौ 54 पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में वोट डाले जायेंगे। इन चुनावों के लिए 7, 8 और 11 मई को नामांकन दाखिल होंगे जबकि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी।

....

मतदान रिहर्सल

उधर, नगर निगम मंडी के 15 वार्डों के लिए 38 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। चुनाव के सफल व निष्पक्ष संचालन को लेकर कांगनीधार में मतदान अधिकारियों के लिए पहली रिहर्सल आयोजित की गई। जिसमें 2 सौ 91 मतदान अधिकारियों ने भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने सभी

अधिकारियों से पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया और मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। मतदान कर्मियों के लिए दूसरी रिहर्सल 8 मई जबकि अंतिम रिहर्सल 14 मई को आयोजित की जाएगी।

....

जनगणना

हिमाचल प्रदेश जनगणना कार्य निदेशालय की निदेशक दीपशिखा शर्मा ने जनगणना को देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्य बताया है। जनगणना–2027 की तैयारियों की कड़ी में हमीरपुर में आज जिले के फील्ड ट्रेनरों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। दीपशिखा शर्मा ने कहा कि इस बार 16 वर्षों के बाद होने जा रही भारत की जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। इससे यह कार्य और भी आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसमें फील्ड ट्रेनरों की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण रहेगी।

....

पेयजल संकट

नाहन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोगीनंद में जल शक्ति विभाग की पेयजल योजना में तकनीकी खराबी आने से लोगों को भीषण गर्मी के दौरान जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग उठाई कि समस्या को देखते हुए दो मोटरें इस योजना में उपलब्ध करवाई जाएं।

वहीं, जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता देवानंद पुंडीर ने बताया कि ग्राम पंचायत मोगीनन्द की समस्या संज्ञान में है और संबंधित कर्मचारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के भी निर्देश जारी कर दिए है ।

....